
# आलीराजपुर में मंदिरों से लेकर जेल तक गूंजे श्रीकृष्ण भक्ति के स्वर

## लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में भजन संध्या और जिला जेल में गायत्री परिवार ने मनाया जन्मोसव





**आलीराजपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों, धार्मिक संस्थानों से लेकर जिला जेल तक विभिन्न आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण का पूजन किया तथा मध्यरात्रि में जन्मोत्सव एवं महाआरती में सहभागिता की।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आलीराजपुर में जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आलीराजपुर की सांसद अनीता नागर सिंह चौहान रहीं। शुभारंभ सांसद अनीता नागर सिंह चौहान, धार्मिक विंग के प्रभारी बी.के. नारायण भाई साहब इंदौर, संस्थान की संचालिका बी.के. माधुरी दीदी, अरुण गेहलोत, अजय सोमानी एवं अरविंद सोमानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने जन्माष्टमी के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विचार व्यक्त किए। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं लीलाओं पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। संस्थान की संचालिका बीके माधुरी दीदी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन पवित्रता, प्रेम, शांति और दिव्य गुणों का संदेश देता है। जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में श्रेष्ठ संस्कार एवं दैवी गुण धारण करने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

**देर रात तक गूंजे भजन:** नगर के नीमचौक स्थित लक्ष्मीनृसिंह मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष आयोजन हुआ। मंदिर को आकर्षक फूल-बंगले एवं नए नोटों से सजाया गया। दिनभर मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रात्रि 12 बजे महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशानुसार भोपाल से भजन मंडली को आलीराजपुर बुलाया गया, जिसने देर रात तक भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। मीडिया प्रभारी कृष्णकांत बेड़िया ने बताया कि भजन एवं दर्शन के लिए कलेक्टर नीतू माथुर, उनके पति स्वप्निल माथुर, एसडीएम निधि मिश्रा, तहसीलदार मंजु डावर, पटवारी किशोर बैरागी सहित अनेक अधिकारी मंदिर पहुंचे और भजनों का आनंद लिया।

### आधुनिक युग में भी निभाई जा रही परंपरा

जिला जेल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जन्माष्टमी

जिला जेल में गायत्री परिवार द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जेल स्टाफ एवं बंदियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक संतोष वर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं जीवन से जुड़े प्रेरणाप्रद प्रसंग सुनाते हुए धर्म, कर्तव्य, प्रेम और लोकमंगल की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने मानव जीवन की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए सत्कर्म करने की प्रेरणा दी। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन जी.एल. भाटिया ने भजन एवं भक्तिगीत प्रस्तुत किए। ट्रस्टी भूरसिंह भिण्डे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री दीप यज्ञ संपन्न कराया। जिला जेल अधीक्षक एस.बी. शरण ने बंदियों को अच्छे कार्य करने और जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया।

## एक नजर में

### द्वितीय इंटर-स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित

**इंदौर.** फिटनेस और सेहत दोनों के लिए एक शानदार व्यायाम है बैडमिंटन. इसी विचार के साथ चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 2 दिवसीय द्वितीय इंटर-स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया. स्कूल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस टूर्नामेंट में शहर के विभिन्न स्कूलों से बैडमिंटन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और प्रतिभा के साथ ही खेल भावना तथा खेल के प्रति दृढनिश्चय का भी प्रदर्शन किया. चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मयूरी अतरौलिया, प्रिंसिपल, चोइथराम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस ने किया. उन्होंने प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे बच्चों को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया और उन्हें खेल भावना को साथ लेकर चलने की प्रेरणा भी दी. इस आयोजन ने युवा खिलाड़ियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जहां वे अपने खेल के उत्तम प्रदर्शन के साथ ही, टीम वर्क, अनुशासन, निष्पक्षता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बारे में सीखने और इन मूल्यों के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ने की प्रेरणा पायेंगे.

### एमआईवीआई वन 24 सितंबर को होगा लांच

**इंदौर.** एमआईवीआई ने आज क्वालकॉम, फ्लिपकार्ट और और गुगल के साथ मिलकर एमआईवीआई वन के ज़रिए स्मार्टफोन कैटेगरी में कदम रखने की घोषणा की. एमआईवीआई वन को 24 सितंबर को विशेष रूप से केवल फ्लिपकार्ट पर लॉन्च किया जाएगा. अपने सेगमेंट में यह भारत का एकमात्र ऐसा स्मार्टफोन होगा, जिसमें स्नेपड्रैगन 5जी चिपसेट मिलेगा. इसे भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों और उपयोग को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है. घोषणा के बारे में एमआईवीआई के को-फ़ाउंडर विश्वनाध कंडुला ने कहा एमआईवीआई के पहले दशक का मकसद यह साबित करना था कि एक भारतीय कंपनी समझदार भारतीय ग्राहकों के लिए कंज्यूमर टेक्नोलॉजी बना सकती है, उसे डिज़ाइन कर सकती है और उसका मैन्युफैक्चरिंग कर सकती है. स्मार्टफ़ोन इस सफ़र का अगला स्वाभाविक कदम हैं. हमारा लक्ष्य स्मार्टफ़ोन के लिए भी इसी तरह की एंड-टू-एंड क्षमताएं इन-हाउस विकसित करना है। हम किसी भी क्षेत्र में इसी तरह की महत्वाकांक्षा के साथ कदम रखते हैं और देश में ज़मीनी स्तर से क्षमताएं विकसित करने का सफ़र शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं.

### जावा, येज्दी और बीएसए आईएसजीएल में होगी शामिल

**इंदौर.** क्लासिक लेजेंड्स ने आज इंडियन सुपर गेमिंग लीग (आईएसजीएल) 2026 में शामिल होने का एलान किया है. इसके जरिए कंपनी अपनी जावा, येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स को एक ऐसे मंच पर ला रही है जहाँ प्रतिस्पर्धा, संस्कृति और समाज का अनूठा संगम होता है. इसकी शुरुआत चेन्नई से होगी, जो आईएसजीएल के चुनिंदा शहरों में से एक है. इसके बाद इसे पूरे देश में ले जाया जाएगा. इस लीग के दौरान जावा, येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स को आईएसजीएल के सभी आयोजन स्थलों और एक्सपीरियंस ज़ोन में दिखाया जाएगा. क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा मोटर साइकिल चलाना और गेमिंग भले ही अलग-अलग दुनिया के लग सकते हैं, लेकिन ये दोनों एक ही बुनियादी सिद्धांतों जैसे कौशल, खुद की अभिव्यक्ति और समुदाय की एक मजबूत भावना पर टिके हैं. जो बात इन्हें वास्तव में खास बनाती है, वह है इनके इर्द-गिर्द पनपने वाली संस्कृति. आईएसजीएल के माध्यम से, हम एक ऐसी नई पीढ़ी के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं जो प्रामाणिकता, महारत और अपनेपन के मूल्यों के प्रति वफादार रहते हुए, राइडिंग, गेमिंग और क्रिएटर समुदायों के बीच सहजता से तालमेल बिठाती है.

### किआ सोरेंटो भारत में लांच

**इंदौर.** एक वैश्विक पहचान वाली गाड़ी आज भारत में अपनी शुरुआत कर रही है। किआ इंडिया ने किआ सोरेंटो को लॉन्च कर दिया है, और इसके साथ ब्रांड ने भारत के प्रीमियम थ्री-रो एसयूवी सेगमेंट में कदम रखा है. शुरुआती कीमत डीजल के लिए 27.99 लाख रुपये और हाइब्रिड के लिए 29.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है. किआ के सबसे कामयाब एसयूवी नामों में से एक भारतीय ग्राहकों तक लाने के साथ इस लॉन्च से भारत में किआ की पहली हाइब्रिड पेशकश भी आ रही है. भारत में किआ के लिए इस अहम पड़ाव पर किआ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ ग्वांगगू ली ने कहा किआ सोरेंटो का आना किआ इंडिया के सफर का एक निर्णायक पड़ाव है, क्योंकि हम पहली बार प्रीमियम थ्री-रो एसयूवी में उतर रहे हैं. और हम ऐसा किआ के सबसे कामयाब वैश्विक नामों में से एक के साथ कर रहे हैं, यानी भारतीय ग्राहकों को अब तक की सबसे उन्नत सोरेंटो मिल रही है. भारत में, भारत के लिए बनी यह गाड़ी ग्राहकों को इस सेगमेंट में एक दमदार नया विकल्प देती है.

### लिवाइस के बिहाइंड एवरी ओरिजिनल कैंपेन का चैप्टर 2 लॉन्च

**इंदौर.** लिवाइस ब्रांड भारत में अपने वैश्विक कैंपेन बिहाइंड एवरी ओरिजिनल को चैप्टर 2: मैनी वेज़, वन ओरिजिनल के साथ आगे बढ़ा रहा है, जिसमें एक बार फिर ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट नज़र आ रही हैं. पहले चैप्टर की नींव पर आगे बढ़ते हुए, यह नया कैंपेन उन तमाम पलों, प्रभावों और नज़रियों का उत्सव मनाता है जो मिलकर तय करते हैं कि हम कौन हैं, और उन विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त करने के हमारे तमाम तरीकों का भी। 150 से भी अधिक वर्षों से, लिवाइस लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने की यात्रा का हिस्सा रहा है. संगीत और फैशन से लेकर कला और रोज़मर्रा की ज़िंदगी तक, यह ब्रांड व्यक्तित्व के लिए एक कैनवास बना रहा है, जो अपने आसपास के लोगों और संस्कृति के साथ लगातार विकसित होता रहा है.

## रोटरी क्लब ऑफ न्यू पेटलावद ने शिक्षक दिवस पर किया प्रतिष्ठित शिक्षकों का सम्मान



**पेटलावद।** शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार एवं भविष्य को भी दिशा प्रदान करते हैं। इसी भावना को सम्मान देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ न्यू पेटलावद द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम किया गया।

सुप्रसिद्ध एवं शिक्षाक्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हरिकृष्ण शुक्ला, कृष्णकांत शुक्ला और सफलता स्कूल, पेटलावद के संचालक गोपाल चौधरी का शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान को सराहा गया तथा उनके अनुभवों एवं मार्गदर्शन को समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया गया। संचालन एवं एंकरिंग रोटरी क्लब ऑफ न्यू पेटलावद के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अल्पित गांधी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक का योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का निर्माण करता है। शिक्षक का सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और समाज निर्माण की भावना का सम्मान है।

**शिक्षकों के प्रेरणादायी विचार:** सम्मान समारोह के दौरान तीनों सम्मानित शिक्षकों ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए समाज में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। अपने अनुभवों के माध्यम से उन्होंने बताया कि एक शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और शिक्षकों का प्रभाव पूरी पीढ़ी पर दिखाई देता है।

व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों में रोटेरियन आभास सोलंकी, सचिव, रोटरी क्लब ऑफ न्यू पेटलावद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर रोटेरियन संजय मेहता, रोटेरियन अनूप मेहता, रोटेरियन रवि मेहता, रोटेरियन कीर्तिश चाणोदिया, रोटेरियन अरुण मेहता एवं रोटेरियन नयन भंडारी सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रोटेरियन रोहित कटकानी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित शिक्षकों, रोटरी सदस्यों एवं उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## झिलमिलाती झांकियां के साथ वाल्मीकि समाज ने गोगादेव की शोभायात्रा निकाली

**सरदारपुर।** नगर में शनिवार को वाल्मीकि समाजजनों द्वारा गोगानवमी गोगा महाराज के जन्मोत्सव पर ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में झिलमिलाती झांकियां नगरवासियों के प्रति आकर्षण का केंद्र रही। वाल्मीकि समाज यात्रा की शुरुआत गोगादेव मंदिर से रात 8.30 बजे गाजे-बाजे ढोल-ताशे और डीजे साउण्ड पर भजनों के गीत साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकालीं गई।

यात्रा के दौरान सुन्दर बग्घी, वाहन पर भगवान नरसिंह अवतार, नृत्य करते, गोगादेव महाराज की प्रतिमा के आगे भोलेनाथ के शिवलिंग के साथ आकर्षक वेशभूषा और भभुतियो से ओतप्रोत में कलाकार भूत-प्रेत बनकर डमडम डमरू बाजे रे भजन गीत पर रास्तेभर झुमते नाचते चलते रहे, तो दुसरी तरफ यात्रा के आगे-आगे समाज के युवा निशान छड़ी लेकर रास्तेभर थिरकते चलते महाराज के प्रति आस्था जताई गई।

यात्रा को लेकर मेंन बाजार पर नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्पित ग्रेवाल, परवेज़ लोदी सहित कर्मचारियों, पठान चौंक पर अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदर सरवर खांन चक्कीवाले, अंसार खांन, पूर्व नपं अध्यक्ष बृजेश ग्रेवाल, नवीन यादव, सहित अन्य स्थानों पर जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया, जिसके चलते यात्रा मार्ग फूलों से पट चलीं थी। यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा, एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार, गज्जू वसुनिया सहित पुलिस टीम मुस्तेद रही। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए, रात्रि 1 बजे पुन: गोगादेव मंदिर पहुंचकर समाजजनों द्वारा आरती उतारकर प्रसादी बांटी गई। वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ बाबुलाल गोखले, अनील, सुधीर, गौतम, सावन, जितेन्द्र, कमलेश, दिनेश, योगेश, धर्मराज, तन्ना, आकाश, रणजीत, महावीर, आनंद, राजू आदि युवा समाजजनों का सहयोग रहा। सफल आयोजन पर नपं दरोगा अरुण गोखले ने सभी धर्मालुओं का आभार माना।



### सेवा निवृत प्राचार्य सुषमा शर्मा का सम्मान किया

**इंदौर.** औदुम्बर वाणी द्वारा शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित सेवानिवृत्त प्राचार्य सुषमा शर्मा को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार द्विवेदी एवं औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर की उत्सव मंत्री ऋतुजा पंडित, प्रचार मंत्री अमित दुबे तथा समृद्धि सहकारी साख संस्था मर्यादित के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, बलराम दुबे, सुभाष पाठक, प्रवीण जोशी, दिनेश चौधरी, ममता दुबे, प्रीति पाठक सहित समाजजन उपस्थित थे.

## झाबुआ

## शिक्षक दिवस पर बोहरा समाज ने शिक्षकों का किया सम्मान

### आदर्श विद्यार्थियों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : मुर्तजा मोइनी





**डही।** दाऊदी बोहरा समाज की ओर से आइडियल किड्स प्ले स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान कर उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की गई। समारोह में शिक्षिका उपासना गुप्ता, नंदू भोई, सोनिका गुप्ता, अरवा चक्कीवाला, हितेंद्र ठाकुर, अरुण कुशवाह सहित अन्य 40 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं बोहरा समाज के सादर भाई साहब मुर्तजा मोइनी जी ने शिक्षा एवं शिक्षकों के कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी शिक्षा प्रदान करना भी शिक्षक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व को ध्यान में रखते हुए उन्हें शिक्षा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माता होते हैं। बच्चों को किस प्रकार बेहतर शिक्षा देकर एक जिम्मेदार, संस्कारी और योग्य नागरिक बनाया जाए, इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संचालन अब्दुल्ला बोहरा ने किया। उन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में तसनीम सलूंबर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। दाऊदी बोहरा समाज की ओर से सम्मानित शिक्षकों को पारितोषिक प्रदान किए गए। कार्यक्रम के पश्चात समाज की ओर से शिक्षकों के लिए स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया।

## बेटे ने किया पिता का नेत्रदान, दो लोगों को मिलेगी रोशनी

### पेटलावद में लायंस क्लब के सहयोग से किया नेक कार्य



**पेटलावद।** सारंगी निवासी स्व. नंदराम गेहलोद के मरणोपरांत उनके पुत्र गोपाल गेहलोद और पौत्र एमी गेहलोद ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। उनके इस पुनीत कार्य से किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी लौटने की उम्मीद जगी है। परिवार के परिवार के सदस्यों की नेत्रदान की इच्छा पहले से ही थी जिसे मेंस क्लब पेटलावद ग्रेटर ने सहयोग करते हुए मेंस क्लब पेटलावद ग्रेटर ने सहयोग करते हुए संपन्न करवाया।

स्व. नंदराम गेहलोद मिलनसार, सरल एवं सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। वे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे और समाजसेवा के प्रति उनका विशेष लगाव रहा। लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर की प्रेरणा से परिवार द्वारा किए गए इस नेत्रदान के पुनीत कार्य की सभी ने सराहना की। नेत्रदान की प्रक्रिया गीता भवन न्यास समिति, बड़नगर की ओर से डॉ. जी.एल. डबराल एवं सहायक मोहन राठौर द्वारा कराई गई। लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर के अध्यक्ष लायन वीरेंद्र भट्ट, एग्जीक्यूटिव कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सुरेश प्रजापति एवं राहुल अग्रवाल का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। नेत्रदान को महादान कहा गया है। किसी व्यक्ति के संसार से विदा होने के बाद भी उसकी आंखें किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में उजाला ला सकती हैं। गेहलोद परिवार का यह प्रयास समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने वाला है।

**एक नजर** | **धर्म और आध्यात्मिक क्षेत्र के विशिष्ट अतिथियों ने दिया मार्गदर्शन**

# रक्षाबंधन पर बहनों ने कैबिनेट मंत्री चौहान और सांसद की कलाई पर बांधी राखी





**आलीराजपुर।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और स्नेह के पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भव्य रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया। चौहान कृषि फार्म हाउस, दाहोद रोड, आलीराजपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में आलीराजपुर नगर के सभी 18 वार्डों सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में बहनें पहुंचीं और कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान की कलाई पर राखी बांधी।

विधायक प्रतिनिधि गोविंद गुप्ता ने बताया कि पारंपरिक उत्साह और आत्मीय वातावरण के बीच बहनों ने नागरसिंह चौहान को तिलक लगाकर राखी बांधी तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मंत्री चौहान ने भी सभी बहनों का आत्मीयता से स्वागत करते हुए उनके स्नेह को अपना सबसे बड़ा आशीर्वाद बताया। रक्षाबंधन समारोह के दौरान ही सांसद अनिता नागरसिंह चौहान का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों बहनों ने सांसद अनिता चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित संतों, धर्मगुरुओं एवं सामाजिक क्षेत्र के वरिष्ठजनों ने भी सांसद अनिता चौहान को जन्मदिन पर शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में जन्मदिन के अवसर पर बहनों के बीच सांसद अनिता चौहान के प्रति आत्मीयता और स्नेह देखने को मिला।

कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य योगेंद्र शास्त्री, गायत्री परिवार के समन्वयक संतोष वर्मा, बाल पुजक शास्त्री तथा ब्रह्माकुमारी से माधुरी दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों ने सांसद अनिता चौहान को जन्मदिवस पर शुभाशीष प्रदान किया। साथ ही उन्होंने रक्षाबंधन पर्व के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित बहनों को मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने का पर्व नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में बहन द्वारा भाई की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना तथा भाई द्वारा बहन की रक्षा एवं सम्मान का संकल्प इस पर्व की मूल भावना है। भाजपा महिला मंडल की जिलाध्यक्ष भावना नागर, जिला उपाध्यक्ष दिव्या गुप्ता, जिला महामंत्री रेशमा भिड़े, पुष्पलता शाह, रीमा शाह एवं कोकिला चौहान सहित अनेक महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही नगर परिषद आजाद नगर की अध्यक्ष निर्मला डावर, नगर परिषद जोबट की पूर्व अध्यक्ष रमीला चौहान, सरपंच सीमा निगवाल के साथ साथ शारदा मंडल की नीलिमा राठौड़, जयश्री सोमानी, बबीता गुप्ता, नलिनी गुप्ता, अलका चंदेल, मंजू झवर सहित बड़ी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं एवं आलीराजपुर नगर के सभी 18 वार्डों से हजारों की संख्या में बहनें कार्यक्रम में पहुंचीं। बहनों के लिए कार्यक्रम स्थल पर विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

### मंत्री ने साथ किया भोजन, बहनों को दिया रक्षाबंधन का उपहार

राखी बांधने के पश्चात सभी बहनों ने अपने भाई कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के साथ सामूहिक रूप से भोजन किया। भाई-बहन के इस आत्मीय मिलन ने कार्यक्रम को और भी भावुक बना दिया। भोजन के पश्चात कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर सभी बहनों को उपहार प्रदान किया गया। पूरे कार्यक्रम में बहनों के चेहरे पर खुशी और आत्मीयता साफ दिखाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल, जिला महामंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, राजू मुवेल, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, युवा नेता विशाल रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, किशोर शाह, दीपक चौहान, सुरपाल अजनार, कमरू अजनार सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित जिले के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सारी व्यवस्थाएं रितेश डावर, विकास माहेश्वरी, गोविंदा गुप्ता, संतोष थेपड़िया, दिलीप चौहान, गिरिराज मोदी, राजेश गुप्ता, संदीप राही, सचिन योगी, महेश भिड़े, माधु कनेश, पप्पू चौहान सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारियों द्वारा संभाली गई।